भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2240

उत्तर देने की तारीख 16 दिसम्बर, 2021

25 अग्रहायण, 1943 (शक)

खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत ग्रामीण खेल गतिविधियां

2240. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार की "खेलो इंडिया" के अंतर्गत विभिन्न राज्यों में ग्रामीण क्रीडा गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों और युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष प्रसुविधाएं विकसित करने पर जोर देगी ताकि उन्हें भी राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय स्पर्द्धाओं में खेलने और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का सुअवसर मिले?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) इस मंत्रालय के 'खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम' का उद्देश्य देशभर में खेलों में व्यापक जन भागीदारी और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के युग्मित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए पूरे खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है । यह युवाओं के बीच खेलों को विस्तृत आधार प्रदान करने और ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में खेल कार्यकलापों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस स्कीम के घटकों में से "ग्रामीण और देशज/ जनजातीय खेलों का संवर्धन" नामक एक घटक विशेष रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्र के लिए है ।

(ख) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में मेधावी बच्चों और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सुविधाएं विकसित करने का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । तथापि, इस मंत्रालय ने राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र निकायों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत 267 खेल अवसरंचना परियोजनाओं को संस्वीकृत किया है ।

****